तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026



09 बरसात से पहले निर्माण पूरा करें





10 डंपिंग ग्राउण्ड से पर्यटन व स्वरोजगार का केंद्र बनी जनजातीय गौरव वाटिका






# बस्तर पहुंची यूएन की एक्सपर्ट, बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम की दे रहीं जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और प्राकृतिक वैभव के प्रतीक बस्तर जिले में इन दिनों अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की एक नई इबारत लिखी जा रही है। संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन के छह दिवसीय प्रवास का दूसरा दिन बस्तर की अनूठी परंपराओं और आत्मीय आतिथ्य के नाम रहा। सुश्री किर्सी का कारवां मंगलवार को ग्राम धुड़मारास की सुंदर वादियों में पहुंचा, जहां धुरवा डेरा होमस्टे में उनका स्वागत किसी उत्सव से कम नहीं था। धुड़मारास की धरती पर कदम रखते ही सुश्री किर्सी का अभिनंदन स्थानीय परंपरा के अनुसार सिहाड़ी और महुए की विशेष माला पहनाकर किया गया। इस दौरान बस्तर की लोक संस्कृति की जीवंत झलक तब देखने को मिली, जब स्थानीय ग्रामीणों ने धुरवा नृत्य की थाप और पारंपरिक स्वागत गीतों के साथ उनकी अगवानी की। आत्मीयता के साथ किए गए इस स्वागत से सुश्री किर्सी अभिभूत नजर आईं और कहा कि उन्हें अपने जीवन में इस तरह की अनुभूति पहली बार हो रही है।

आत्मीय स्वागत के पश्चात सुश्री किर्सी ने बस्तर के पारंपरिक खान-पान का लुत्फ उठाया, जहाँ दोपहर के भोजन में उन्हें पूरी तरह स्थानीय और जैविक व्यंजनों से सजी थाली परोसी गई। बस्तर के जायके का अनुभव करते हुए उन्होंने कलम भाजी, सेमी की सब्जी, बोदई की सब्जी और केले की सब्जी जैसे स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। इसके साथ ही उड़द की दाल, तीखी ▶▶| शेष पेज 08 पर

**खास बातें**

- धुरवा नृत्य और सिहाड़ी-महुए की माला से विदेशी विशेषज्ञ का आत्मीय अभिनंदन
- हितग्राहियों के साथ पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के सम्बन्ध में चर्चा की






### चित्रकोट जलप्रपात में किया नौका विहार

इससे पहले सुश्री किर्सी ने सुबह चित्रकोट जलप्रपात में नौका विहार का अनुभव लेने के साथ ही मेंदरी घूमर पहुंचकर पर्यटन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने यहां स्थानीय हितग्राहियों के साथ पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के सम्बन्ध में भी चर्चा की। इस दौरान भारत सरकार के पर्यटन विभाग की सुश्री मंजीरी कमलापुरकर, छत्तीसगढ़ के पर्यटन विभाग की सुश्री शुभदा चतुर्वेदी तथा बस्तर जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### कलश यात्रा 27 और शिव काली मंदिर का स्थापना दिवस 28 को



**जगदलपुर।** शहर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मैत्री संघ द्वारा संचालित शिव काली मंदिर का 30 वां स्थापना दिवस 28 फरवरी को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। मैत्री संघ के महासचिव सुनील साहा ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस के एक दिन पूर्व 27 फरवरी को कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा दोपहर 3 बजे स्थानीय महादेव घाट से मैत्री संघ काली मंदिर तक आयोजित की जाएगी। कलश यात्रा के लिए कलश की व्यवस्था संस्था द्वारा करवाया जाएगा। स्थापना दिवस के दिन सुबह 9.30 बजे से विशेष पूजा अर्चना प्रारंभ की जाएगी एवं दोपहर 12 बजे पुष्पांजलि अर्पित होगी। उसके बाद दोपहर 2 बजे महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### 10 वीं के अंग्रेजी पेपर में एक भी नकल का मामला नहीं

**जगदलपुर।** कक्षा 10 वीं बोर्ड में आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा में नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि परीक्षा केन्द्र कुल 105 में दर्ज संख्या 8975 में 8684 उपस्थित तथा 291 अनुपस्थित रहे।

### दीनदयाल उपाध्याय व भगत सिंह शक्ति केन्द्र में भाजपा ने लगायी जनचौपाल

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहरी क्षेत्र में दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केन्द्र और शहीद भगत सिंह शक्ति केन्द्र में जन चौपाल का आयोजन किया गया और केन्द्रीय बजट व विकसित भारत जी राम जी योजना के विषय में विस्तार से जानकारी जन चौपाल ने भाजपा नेताओं ने आमजन के मध्य रखी। दलपत सागर वार्ड में आयोजित जन चौपाल को भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव व सफीरा साहू एवं पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने केन्द्रीय बजट को विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और विकसित भारत जी राम जी योजना में 125 दिनों तक ग्रामीण क्षेत्र में सुनिश्चित रोज़गार गारण्टी के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सूर्य भूषण सिंह व ब्रिजेश शर्मा ने किया व आभार प्रदर्शन एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता ने किया। जन चौपाल में मनोहर दत्त तिवारी, माहेश्वरी ठाकुर, शशिनाथ पाठक, दिनेश केजी, सुधा मिश्रा, योगेश शुक्ला, दशरथ गुप्ता, आशा साहू, अविनाश गौतम, त्रिवेणी रंधारी,हरीश पारेख, पूनम सिन्हा, विनोद पाण्डेय, दिलीप सुंदरानी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

**क्राइम : लग्जरी वाहन इनोवा से कर रहे थे तस्करी**

# 21 लाख के गांजा, पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ पकड़े गए दो अंतर्राज्यीय तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय तस्करों को बीती रात एनएच 63 स्थित आड़ावाल के करीब नाकाबंदी कर पकड़ा। तस्करों के कब्जे से 21.21 लाख रूपए के मादक पदार्थ गांजा के अलावा पिस्टल, जिंदा कारतूस, इनोवा वाहन व नकद रकम बरामद किया है।

- बोधघाट पुलिस ने देर रात एनएच 63 आड़ावाल में नाकाबंदी कर पकड़ा

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा बीती रात एनएच में नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रही इनोवा वाहन क्रमांक ओडी 02 के 8007 को रोका गया। वाहन में दो लोग सवार थे, पूछताछ करने पर घबराकर भागने का प्रयास करने लगे तो घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम बाल्बो उर्फ़ बल्लब भत्तरा 40 साल निवासी ग्राम मोहरगुड़ा थाना पापडाहांडी जिला नबरंगपुर तथा दूसरे ने अमरज्योति हिरन 44 साल निवासी ग्राम खोलीगुड़ा, थाना दाबूगांव, जिला नबरंगपुर ओडिशा का रहने वाला बताया।




### 8 पैकेटों पर भरकर रखा गया था

वाहन की तलाशी लेने पर पीछे सीट में 8 पैकेट में रखा मादक पदार्थ गांजा कुल 42.431 किलो कीमत 21 लाख 21 हजार 550 रुपए आंका गया है। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से देशी पिस्टल व दो नग जिंदा कारतूस, इनोवा वाहन, नकद 22 सौ रूपए व मोबाइल बरामद किया गया है। जब्त वाहन की कीमत 11 लाख रूपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।



### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

लाखों रूपए के मादक पदार्थ गांजा, पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, प्रमोद ठाकुर, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक सुनील मनहर, अहिलेश नाग, पवन श्रीवास्तव, व्यास नारायण ठाकुर, डोलमणि भोई, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा साहू, संध्या मंडावी, आरक्षक विजय तिर्की, थानेंद्र सिन्हा, विपिन मिंज, मुकेश कोड़ोपी, मानकू कोर्राम, कामदेव दर्रो तथा बस्तर फाइटर के जवान लच्छिंदर बघेल, दिनेश अनका, संतोष ठाकुर, सदाराम कश्यप, रविन्द्र भद्रे, तुलसी राम मौर्य, रामनाथ बघेल, ज्ञानु कश्यप, लखेश्वर सेठिया व सलमान खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिलों में भ्रमण कर पिछड़ा वर्ग के लोगों से लिया जा रहा सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन जनसंख्या के आधार पर रिजर्वेशन एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। आयोग द्वारा सबसे पहले सर्वे करवाया और पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को स्पष्ट किया गया। इसके बाद से प्रत्येक जिले में भ्रमण कर वहां के पिछड़ा वर्ग के लोगों से चर्चा कर सुझाव लिया जा रहा है। रिपोर्ट में बेहतर सुझाव को शामिल किया जा रहा है।

- पत्रवार्ता : रिजर्वेशन व भागीदारी सुनिश्चित करने हुआ है आयोग का गठन

उक्त बातें पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने मंगलवार को शहर के सर्किट हाऊस में पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग समाज में 95 जाति के लोग शामिल हैं। इन समाज के लोगों की सरकारी योजनाओं में कितनी भागीदारी है और समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली जा रही है। इसके लिए आयोग द्वारा सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है।

### 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा आरक्षण

अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सुप्रिम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके आधार पर जहां एसटी-एससी वर्ग की संख्या अधिक है।

वहां कम और जहां एसटी-एससी वर्ग की संख्या कम है वहां अधिक आरक्षण मिला है। इस दौरान आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, हरिशंकर यादव, यशवंत वर्मा, बलदाऊ राम साहू, शैलेन्द्री परगनिहा शामिल रहे।

# नगरगुड़ी के पास स्थापित की जाएगी जगतू माहरा की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के राजा को राजधानी बनाने जगतुगुड़ा कबीला की जमीन देने वाले जगतू माहरा की प्रतिमा दंतेश्वरी मंदिर के सामने नगर गुड़ी के बगल स्थापित की जाएगी। इसके लिए शासन ने भूमि आवंटित कर दी है। इस खुशी के मौके पर माहरा समाज बस्तर ने मंगलवार को दलपत सागर के किनारे करीब 1000 साल पुराने रखवार बाबा गुड़ी में बाबा की पूजा अर्चना की। वहीं 201 दीप प्रज्वलित कर बाबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

- बस्तर के राजा को राजधानी बनाने जगतुगुड़ा कबीला की दी थी भूमि

बताया जा रहा है कि जगदलपुर शहर का पुराना नाम जगतुगुड़ा है और इस कबीला के मुखिया का नाम जगतु था। 17 वीं शताब्दी में बस्तर महाराज दलपत देव को जब अपनी नई राजधानी बनाने का विचार आया, तब उन्होंने इंद्रावती किनारे की जगतूगुड़ा की जमीन का चयन किया और कबीला के मुखिया जगतु की सहमति से अपनी नई राजधानी बनाई थी। राजा ने जगतू ▶▶| शेष पेज 08 पर



**सतीत्व के प्रभाव से ही भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश को शिशु बना स्तनपान कराया था**

# तुलसी की पूजा अर्चना व भक्तों ने निकाली माता कात्यायनी की पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन भक्तों द्वारा माता कात्यायनी के साथ तुलसी की पूजा अर्चना की गई। वहीं दो संगठन के लोगों ने नगर में मां कात्यायनी की पालकी निकाली।

इस मौके पर कथा वाचक आचार्य सुमित भारद्वाज ने कहा कि पुरुष प्रधान समाज की सबसे बड़ी गलती यही है कि वह नारी को अबला अर्थात निर्बल समझता है, वहीं दूसरी तरफ यह भी कहता है की नारी तू नारायणी है, फिर भ्रम पाले क्यों बैठे हैं? नारी का सम्मान जितना सनातन में है, वह कहीं और नहीं होता। नारी का सबसे बड़ा सम्मान चरित्र है और यही सतीत्व ही उन्हें मां अनुसूया बनती है। जिन्होंने अपने स्त्रीत्व के प्रभाव से ही भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश को शिशु बना स्तनपान कराया था। आचार्य ने कहा कि त्रिलोक विजेता महिषासुर ने भी नारी को अबला मान यह वरदान मांगा था कि उसकी मौत होगी तो स्त्री के हाथ से, पर माता भगवती ने उसका भ्रम ही नहीं तोड़ा, अपितु ▶▶| शेष पेज 08 पर



### भावना सकारात्मक नहीं, तो सफलता नहीं

महाराज ने कहा कि आज सरकार के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पौधारोपण किया जाता है, लेकिन पौधरोपण सफल नहीं हो रहा। उसका कारण यह है कि पौधे के प्रति हमारी भावना सकारात्मक नहीं है। आज पौधरोपण कार्यक्रम फोटो सेशन का माध्यम बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि जब तक रोपे गए पौधे के प्रति हमारी भावना तुलसी की तरह पवित्र नहीं होगी, किसी भी तरह का पौधारोपण सफल नहीं हो सकता।

**आम जनता के लिए आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस**

# 71.41 लाख की लागत से बनेगा नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

हाऊसिंग बोर्ड की ओर से शहर के राजस्व विभाग परिसर में 71.41 लाख रुपए की लागत से नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन निर्माण किया जाएगा, जो डिजिटल रिकॉर्ड कीपिंग, बेहतर दस्तावेज सुरक्षा और आम जनता के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

- पंजीकरण प्रक्रियाओं में आएगी पारदर्शिता

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय में संपत्ति पंजीकरण, दस्तावेज स्कैनिंग और रिकॉर्ड कीपिंग के लिए आधुनिक डिजिटल सिस्टम की व्यवस्था होगी। पुराने दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए विशेष कक्ष और तकनीक होगी। कार्यालय में आरामदायक वेटिंग एरिया, टोकन सिस्टम, पेयजल और दिव्यांग-अनुकूल सुविधाएं होंगी। इस कदम से संपत्ति लेनदेन, वसीयत और अन्य पंजीकरण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी और धोखाधड़ी की संभावना कम होगी। यह अत्याधुनिक कार्यालय प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन, रजिस्ट्री, और रिकॉर्ड को व्यवस्थित और त्वरित बनाने में मदद करेगा। इससे समय और धन की बचत होगी।



### 9 माह में पूर्ण करने के निर्देश

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन निर्माण के लिए टेंडर मेसर्स रूबी कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू होगा, जो 9 माह में पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया है।

### भागदौड़ से मिलेगी मुक्ति, पंजीयन प्रक्रिया होगी पारदर्शी

बताया जा रहा है कि नए उप पंजीयक कार्यालयों के संचालन से पंजीयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम होने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि पंजीयन कार्यालयों में भीड़ भी कम होगी। लोगों को पंजीयन से जुड़े कार्यों में अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी। ऑटो डीड जनरेशन, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन, घर बैठे रजिस्ट्री, स्वतः नामांतरण, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाणपत्र, एकीकृत कैशलेस भुगतान, व्हाट्सएप आधारित सेवाएं, डिजीलॉकर एकीकरण, डिजी-डॉक सुविधा तथा खसरा नंबर के माध्यम से ऑनलाइन सर्च और रजिस्ट्री डाउनलोड जैसी सेवाएं शामिल हैं।

# बकाया जलकर वसूली के दौरान निगम कर्मियों को गोली मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने बकाया जलकर वसूली के दौरान निगम कर्मचारियों को कथित रूप से गोली मारने की धमकी दिए जाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। जानकारी के अनुसार, जलकर की बकाया राशि वसूलने पहुंची निगम की टीम को एक बकायादार, जिसका नाम भुवन झा बताया जा रहा है, द्वारा भुगतान न करने के साथ-साथ गोली मारने की धमकी दी गई। बताया जा रहा है कि वसूली अभियान के तहत निगम की टीम संबंधित बकायादार के निवास, प्रतिष्ठान पर पहुंची थी। इस दौरान विवाद की स्थिति बनी और आरोप है कि कर्मचारी दल को जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद निगम प्रशासन ने इसे गंभीर सुरक्षा मुद्दा मानते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की।आयुक्त ने मामले में कड़ा कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। साथ ही, पत्र में यह भी अनुरोध किया गया है कि आरोपी के शस्त्र लाइसेंस की समीक्षा कर उसे निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

- आयुक्त ने एसपी को लिखा पत्र

### अभद्र व्यवहार, धमकी बर्दाश्त नहीः नियम आयुक्त

निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि राजस्व वसूली कार्य के दौरान किसी भी कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार या धमकी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की जांच और आगे की वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# पर्यावरण स्वीकृति के बिना सड़क विकास में चढ़ी वृक्षों की बलि, विभाग ने रुकवाया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के अंदरुनी गांवों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने का प्रयास जारी है। निर्माण कार्यों के दौरान विभागीय अफसरों की अनदेखी से पर्यावरण को खासा नुकसान पहुंच रहा। सड़क निर्माण के दौरान सड़क की जद में आने वाले पेड़ विकास की भेंट चढ़ रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीण का आरोप है ग्राम जूनापानी से ग्राम नेवता तक सड़क निर्माण से पहले निर्माणाधीन सड़क की जद में आने वाले पेड़ों की कटाई की गई है व जड़ सहित उखाड़ कर हटाया जा रहा है। साल, आम आदि मिश्रित प्रजाति के पेड़ों को काटे गए है। निर्माणाधीन सड़क किनारे स्थित पेड़ों की ठूंठ काटे गए पेड़ों की कहानी बयां करते हैं। लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर पी.के. नेताम के मुताबिक ग्राम जूनापानी से ग्राम नेवता तक सड़क का निर्माण ठेकेदार एन.सी. नाहर के द्वारा करवाया जा रहा। लगभग 4.5 किलोमीटर की लंबाई वाली सड़क की अनुबंध राशि 466.60लाख रुपए लागत की है।

**खास बातें**

- जूनापानी-नेवता सड़क परियोजना में पेड़ कटाई विवाद
- विभागीय अनदेखी पर सवाल, पर्यावरण स्वीकृति की कमी ले काम रुका



### हमने नहीं कटवाए पेड़: सिन्हा

निर्माण कंपनी ने सब इंजीनियर लोकेश सिन्हा ने कहा हमने पेड़ नहीं कटवाए है, ग्रामीणों ने निर्माण से पहले ही कुछ पेड़ कटवाए थे, पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिली है। वन परिक्षेत्र कार्यालय मुलमुला के मुताबिक पर्यावरण स्वीकृति नहीं रहने के कारण विभाग ने कार्यवाही करते हुए निर्माण कार्य बंद करवाया है, पर्यावरण स्वीकृति लेने के बाद ही ठेकेदार कार्य चालू करेगा।

### कटाई के लिए जारी गाइडलाइन

वन मंडलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र में सड़क निर्माण होने से एक हेक्टेयर से कम एरिया आने पर डीएफओ द्वारा अनुमति पत्र जारी की जाती है। वहीं पांच हेक्टेयर से कम होने से राज्य शासन द्वारा तथा उससे अधिक होने पर केंद्र सरकार द्वारा अनुमति पत्र जारी होता है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर व एसपी ने बस स्टैंड का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने आज नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण कर बस स्टैंड के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस स्टैंड परिसर में पेयजल, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवीन बस स्टैंड में पुलिस सहायता केंद्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अजय उरांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित पुलिस एवं नगर पालिका विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बालक आश्रम केशकाल में हुई साज-सज्जा स्पर्धा व न्यौता भोज कार्यक्रम



**फरसगांव/केशकाल।** जिला प्रशासन आदिवासी विकास शाखा के सहायक आयुक्त कृपेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में बालक आश्रम केशकाल में कक्षा साज सज्जा प्रतियोगिता एवं न्यौता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सुदर्शन कुंजन (पार्षद) विशिष्ट अतिथि राजेंद्र ठाकुर (पार्षद एवं भूतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केशकाल) शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश ध्रुवा, उपाध्यक्ष महेंद्र कावडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ कार्यक्रम में आठवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित किया गया कक्षा सज्जा प्रतियोगिता में टॉप 5 छात्रों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम स्थान राणा पुंजा भील कक्ष ने प्राप्त किया। समापन के अवसर पर सभी छात्रों, मुख्य अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा न्यौता भोज का आनंद लिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक मनोज गोस्वामी के द्वारा किया गया। इस अवसर में प्रधान पाठक पी आर नेताम, शिक्षिका सामो नेताम, आसमा परवीन, शिक्षक मनोज गोस्वामी, नाथु राम नाग, छात्रावास अधीक्षक दीपेश कुंवर एवं छात्रावास के यिों का विशिष्ट योगदान रहा।

### बनजुगानी में बनेगा घोटुल जनजातीय युवाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्र



**कोण्डागांव।** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्राम पंचायत बनजुगानी में घोटुल एवं जनजातीय युवाओं के लिए सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना को मंजूरी मिल गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए जनजातीय मंत्रलय द्वारा 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह सांस्कृतिक केंद्र बस्तर अंचल की पारंपरिक घोटुल व्यवस्था और जनजातीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके माध्यम से जनजातीय युवाओं को अपनी लोकसंस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस स्वीकृति पर बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुअल ओराम, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य के जनजातीय मंत्री राम विचार नेताम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## महिला, बाल और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर आयोग ने दिए सख्त निर्देश

# मानवाधिकार आयोग ने किया जिला अस्पताल संस्थानों, छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिधारी नायक ने आज कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान जिला अस्पताल, छात्रवास एवं अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने बैठक लेकर महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा से जुड़े प्रकरणों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा द्वारा एजेंडावार जानकारी प्रस्तुत की गई। आयोग के अध्यक्ष ने महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मामलों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- स्वास्थ्य, शिक्षा और पेंशन प्रकरणों की समीक्षा, प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के आदेश

### आश्रम–छात्रावास, अनाथ बच्चों और पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

आयोग अध्यक्ष ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से आश्रम–छात्रावासों की भवन स्थिति एवं शौचालय व्यवस्था की जानकारी ली और विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनाथ बच्चों का सर्वे कर उन्हें बाल गृह में प्रवेश दिलाने, लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा जर्जर विद्यालय भवनों व एकल शिक्षकीय विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की।



### आंगनबाड़ी और थाना निरीक्षण

उन्होंने आंगनबाड़ी जुगानीकलार का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण एवं गतिविधियों की जानकारी ली। इसके अलावा पुलिस थाना फरसगांव का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान आयोग के संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, डीएसपी माया असवाल सहित आयोग की टीम, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडीओपी अभिनव उपाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग को कुष्ठ रोग व डॉग बाइट पर विशेष निर्देश

स्वास्थ्य विभाग को कुष्ठ रोग की जांच, निदान एवं जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डॉग बाइट के मामलों की समीक्षा कर अस्पतालों में एंटी–रैबीज इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

### जिला अस्पताल और छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

बैठक से पूर्व आयोग अध्यक्ष ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर लेबर वार्ड, एसएनसीयू एवं पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात कन्या छात्रवास का निरीक्षण कर छात्रओं से संवाद किया तथा शिक्षा के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## एनएच 30 पर हुए सड़क हादसे में सीएएफ जवान की मौत, 3 घायल



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 जुगानी में सोमवार की रात करीब 8:30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, हादसे में पहले दो बाइक की टक्कर हुई,जिसमे बाइक चालक रोड में गिर गया, तभी तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने उसे सर को कुचल दिया, हादसे में बाइक चालक सीएएफ के जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं अन्य तीन घायल हो गए।

- दो बाइक टक्कर के बाद अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

जानकारी के अनुसार परमानंद साहू पिता दूजराम साहू उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम फागुंदाई नयापारा,जिला-बालोद जो 5 वी वाहनी छग सशस्त्र बल (सीएएफ) का जवान था, जो वतर्मान में कोण्डागांव जिले के उरन्दाबेडा थाना में ई कम्पनी में तैनात था। जो सोमवार को कोंडागांव मेला के लिए ड्यूटी करने बाइक में सवार होकर कोंडागांव जा रहा था , तभी रात करीब 8:30 बजे नेशनल हाईवे 30 जुगानी के पास सामने से आ रहे बाइक के साथ इसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद परमानंद साहू रोड में गिर गया। इसी दौरान कोंडागांव की ओर से तेज गति में आ रही अज्ञात वाहन ने उसके सर को कुचल दिया, जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही अन्य बाइक में सवार ग्राम चिचाड़ी निवासी नंदकिशोर मरकाम, साक्षी मांडवी और योगिता कुंजाम यह तीनों घायल हो गए। घटना की खबर लगते ही फरसगांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल भिजवाया। वही मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु चीरघर में भिजवाये।

### जवान की मौत से परिवार में टूटा दुखों का पहाड़

मृतक के पिता ने बताया कि मृतक घर का इकलौता बेटा था, इसकी दो बड़ी बहनें हैं। जिनकी शादी हो गई है। मृतक की भी शादी हो चुकी है, जिसके 8 और 5 साल के दो लड़के है। मृतक 2009 में 5 वी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जगदलपुर में आरक्षक के पता भर्ती हुआ। जवान की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, क्योंकि जवान अकेला घर में कमाने वाला था।

## अंग्रेजी शराब की तस्करी का पर्दाफाश, कार से 171 लीटर जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिले में अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कोण्डागांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 1421 से अवैध रूप से परिवहन की जा रही अंग्रेजी शराब गोवा जब्त की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार कार से 19 कार्टून में कुल 950 पौवा 171 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब गोवा बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 1,21,600 रुपए बताई गई है। इसके साथ ही 8 लाख रुपए की टाटा कर्व कार और करीब 40 हजार रुपए कीमत के चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। कुल जब्ती की कीमत 9,61,600 रुपए आंकी गई है।

**ये हैं गिरफ्तार आरोपी :** पुलिस ने निहाल सिंह भाटिया अभनपुर रायपुर, दिनेश बुनकर कोंडागांव और रूपेश उर्फ राजा सोनी विकासनगर कोंडागांव को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी अवैध रूप से अंग्रेजी शराब को दुर्ग–भिलाई से जगदलपुर की ओर ले जा रहे थे।

**मुखबिर सूचना पर बायपास में की गई नाकाबंदी :** पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के



निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कनेरा रोड, जगदलपुर बायपास पर नाकाबंदी कर संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान कार की सीट और डिक्की से शराब से भरे कार्टून बरामद हुए।

आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली कोंडागांव में अपराध क्रमांक 61/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान, साइबर सेल प्रभारी सौरभ उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश डहरिया सहित पुलिस टीम के अशोक मरकाम, अजय बघेल, संतोष कोड़ोपी, बिरझू शोरी और मनोज पोयाम का विशेष योगदान रहा।

## कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ बजट 2026 में कर्मचारियों के लिए घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा को लेकर कर्मचारी जगत में खुशी की लहर है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के लिए "चिंतामुक्त स्वास्थ्य सुरक्षा" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।



एसोसिएशन के जिला कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने जारी बयान में कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा से कर्मचारियों और उनके परिजनों को इलाज के बाद बिल जमा करने, भुगतान प्रक्रिया एवं धन की व्यवस्था जैसी परेशानियों से राहत मिलेगी। आपात स्थिति में तत्काल इलाज संभव हो सकेगा, जिससे आर्थिक तनाव कम होगा। संगठन ने इस जनहितकारी निर्णय के लिए विष्णु देव साय एवं ओ.पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, सांसद महेश कश्यप, विधायक भोजराज नाग एवं केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया गया।

## मर्दापाल सीएचसी में जीवन दीप समिति की बैठक, स्वास्थ्य सुविधाओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मर्दापाल में वन मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की सामान्य सभा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। वन मंत्री श्री कश्यप ने समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने पर बल देते हुए आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं इसके अंतर्गत आने वाले सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित तिथियों पर नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने की बात कही।

- वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में हुई दवाइयों टीकाकरण और जांच सेवाओं की

बैठक में मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, एक्स–रे सहित अन्य आवश्यक जांच सेवाओं के सुचारू संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए शव वाहन सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।




**रक्तदान के लिए किया गया सम्मान :** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस के अवसर पर वन मंत्री श्री कश्यप के निज सहायक शिवचरण साहू द्वारा किए गए स्वैच्छिक रक्तदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

**कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे उपस्थित :** इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, मर्दापाल की सरपंच जयंती कश्यप, एसडीएम अजय उरांव, सीएमएचओ आर.के. चतुर्वेदी, बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी एवं जीवन दीप समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से कोंडागांव जिले के 96 गांव जुड़े

# दूरस्थ अंचलों को मिली नियमित एवं सुलभ बस सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रें में आवागमन सुविधा सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत सोमवार को जिला कार्यालय परिसर से तीन नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना उपस्थित रहीं। अब जिले में इस योजना के तहत कुल 7 बसों का संचालन किया जा रहा है, जिससे 96 गांवों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

- नियमित बस सेवा से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत

तीन नए मार्गों पर बस सेवा प्रारंभ – पूर्व में कोंडागांव–मर्दापाल, बहीगांव–विश्रामपुरी, कोंडागांव–कमेला एवं छत्तोड़ी–कोंडागांव मार्ग पर बस सेवा शुरू की जा चुकी थी। अब 23 फरवरी से निम्न तीन नए मार्गों पर भी संचालन प्रारंभ किया गया। कोनगुड–फरसगांव, भैंसाबेड़ा–केशकाल, कनपुर–कोंडागांव इस विस्साथ जिले में कुल सात मार्गों पर नियमित बस सेवा उपलब्ध हो गई है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत आमजन, किसान, मजदूर, छोटे व्यवसायी एवं छात्र–छात्रओं को जनपद एवं जिला मुख्यालय तक सुगम, नियमित एवं सुलभ परिवहन सुविधा प्रदान करना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना केवल परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास की व्यापक पहल है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सुविधा मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचने का अवसर, किसान एवं छोटे व्यापारियों को बाजार तक पहुंच में सहूलियत, महिलाओं एवं बुजुगोंर् के लिए सुरक्षित परिवहन सात बसों के संचालन से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और जिले के विकास को नई गति मिलेगी।

### मार्गवार लाभान्वित गांवों का विवरण

कोंडागांव–मर्दापाल मार्ग 22 गांव कुम्हारपारा, जोधरापदर, उमरगांव, बुनागांव, कोकोड़ी, गंगामुंडा, छेरीबेडा, भातापाल, भुखल, चिमड़ी, चलकाएटेमरू, मुंगवाल, बयानार, आदनार, चेमा, घोटूल, मलनार, लखापुरी, नवागांव, रानापाल सहित कुल 22 गांव। बहीगांव–विश्रामपुरी मार्ग 12 गांव ओरकीवाही, पीपरा, मांडोकीखरगांव, मुण्डापारा, छोटे–राजपुर, बड़े–राजपुर, टेवसा, रामपुर, कोरगांव, विश्रामपुरी सहित 12 गांव। कोंडागांव–कमेला मार्ग 6 गांव कोकोड़ी, कंजरी, शंकर नगर, बकोदागंडा, बड़ेकनेरा सहित 6 गांव। छत्तोड़ी–कोंडागांव मार्ग 17 गांव किरमारी, नेवरा, क्षमतापुर, बड़ेसोहंगा, बड़ागांव, हिरलाभाठ, बीजापुर, अमरावती, मालेगांव, बुटरापारा, चिपावंड, मुलमुला, पीकरभाटा, नेवता, बफना, पलारी सहित 17 गांव। कोनगुड–फरसगांव मार्ग 11 गांव कोनगुड़ बारदा, उरंदाबेड़ा, नेट, कोटपाड़ गोडमा, बड़ेडोंगर, बेलभाटा, आलोर, बैलगांव, फरसगांव। भैंसाबेडा–केशकाल मार्ग 18 गांव भैंसाबेड़ा, अर्रा, कोरनहुर, सावलवाही, धुरेगांव, कावागांव, ईरागांव, तोडासी, कर्रारमेटा, बनियागांव, सवाला, बेलगांव, धनौरा, डुमरपदा, अरंडी, तेंदूभाठा, बेंडमा, केशकाल। कनपुर–कोंडागांव मार्ग 10 गांव कनपुर, मोहलाई, मुनगापदर, बोटीकनेरा, सोनाबाल, नगरी, मड़ानार, बम्हनी, संबलपुर, जामपदर, कोंडागांव।

## पेज 7 के शेष

### बस्तर पहुंची....

इमली की चटनी और कोसरा भात के साथ बस्तर के पारंपरिक पेय मंडिया पेज को परोसा गया। बस्तर के इन पारंपरिक स्वादों ने विदेशी अतिथि को यहाँ की संस्कृति के और भी करीब ला दिया। सुश्री किर्सी का यह प्रवास मुख्य रूप से धुड़मारास और उसके आसपास के क्षेत्रों को विश्व स्तरीय पर्यटन मानकों के अनुरूप ढालने पर केंद्रित है। धुरवा डेरा होमस्टे में रुककर वे न केवल स्थानीय जीवनशैली का प्रत्यक्ष अनुभव ले रही हैं, बल्कि ग्रामीणों और हितधारकों के साथ सीधा संवाद कर पर्यटन के नए अवसरों की पहचान भी कर रही हैं। जिला प्रशासन बस्तर और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के समन्वय से आयोजित इस भ्रमण के दौरान वे स्थानीय समुदाय को यूनाइटेड नेशंस बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम की बारीकियों से अवगत करा रही हैं। यह तकनीकी मेंटरशिप और सूक्ष्म योजना कार्य बस्तर की समृद्ध विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ यहाँ के युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलने में मील का पत्थर साबित होगा।

### नगरगुड़ी के पास...

को सम्मान देने के लिए उसके नाम जगतु से जग और अपने नाम दलपत से दल शब्द को लेकर नए नगर का नामकरण जगदलपुर किया था।

**लंबे समय बाद मिली स्वीकृति :** लंबे समय से माहरा समाज के लोग नगर में जगतु माहरा की प्रतिमा लगाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें शासन द्वारा भूखंड आवंटित नहीं हो रहा था। अब शासन ने नगर में दंतेश्वरी मंदिर के सामने नगरगुड़ी के बगल में 20 फीट लंबा 20 फीट चौड़ा भूखंड समाज को आवंटित कर दिया है। इस स्थान पर ही जगतू माहरा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### तुलसी की पूजा अर्चना...

उसका सर्वत्र नाश कर दिया। आज भी पुरुष प्रधान समाज नारी को अबला मान अपना भ्रम तोड़ नहीं पाया है।

**नर्कों का वर्णन आज :** श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तहत बुधवार को मां कालरात्रि महात्म, शंखचूर्ण दैत्य की कथा और नर्कों का वर्णन किया जाएगा, तत्पश्चात सामूहिक रूप से मां दंतेश्वरी चालीसा का पाठ करने के बाद माता कालरात्रि की पालकी निकाली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जिले के सभी ब्लॉक में होगी पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना

**बीजापुर।** पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक ब्लॉक में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोला जाना है। जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से पशुपालकों को सस्ती दरों पर अच्छी गुणवत्ता की पशु औषधियां उपलब्ध कराना है। पशु औषधि केन्द्रों के परिपालन हेतु न्यूनतम 120 स्क्वायर फिट स्वयं की या किराये की जगह की आवश्यकता होगी तथा बी फार्मा/डी फार्मा डिग्री होल्डर एवं ड्रग्स सेल लाईसेंस का होना आवश्यक है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला बीजापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 4 विकासखंडों में पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री कृषि सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

### पहले बने कर्मचारी कैशलेश चिकित्सा कार्ड : संतोष

**गीदम।** शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने आज छग शासन द्वारा प्रस्तुत बजट में शासकीय सेवकों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा और बजट प्रदान करने की घोषणा का



प्रथम दृष्टया स्वागत किया है, इसके लिए मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु उसके नियम शर्तो के सार्वजनिक होने पर ही इस पर पूरी प्रतिक्रिया दी जा सकती है। प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह व कुलदीप सिंह चौहान ने पेंशन हेतु शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा की गणना न होने को निराशाजनक माना है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ठ विद्यालय खोले जाने का स्वागत करते हैं पर अन्य शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ सुविधाओं व साधनों में पक्षपात न हो इसका भी ध्यान रखा जाना था। इसके पहले भी आत्मानंद स्कूल खोलकर अन्य शासकीय विद्यालय के बच्चे उपेक्षित रखे गए। अपेक्षा है इस बार ऐसा न हो। जर्जर स्कूलों के लिए नवीन विद्यालय भवन का निर्माण का निर्णय सराहनीय है परंतु सरकार को ये सुनिश्चित भी करना चाहिए कि पूर्व की तरह ये बजट भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाए। इसी तरह प्रदेश कर्मचारियों को उम्मीद थी केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ते की स्वीकृति व भुगतान की स्पष्ट नीति घोषित की जावेगी पर नही हुई।

# नक्सल पीड़ित परिवारों तथा आत्मसमर्पित लोगों के नियमित हेल्थ चेकअप सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

## कलेक्टर ने की स्वास्थ्य, जनसमस्याओं व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा




कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नक्सल पीड़ित परिवारों तथा आत्मसमर्पित व्यक्तियों के नियमित हेल्थ चेकअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे उनके परिवारों को भी नियमित रूप से विशेष हेल्थ कैंप आयोजित कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड, वय वंदन योजना कार्ड के लंबित हितग्राहियों को योजना से जोड़ने हेतु आयोजित विशेष शिविर के दौरान निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने को भी कहा। ताकि जिन पंचायतों में अधिक लंबित हितग्राहियों की संख्या है वहां प्लान करके एक सप्ताह में शत-प्रतिशत कार्य को पूरा हो सकें। इस क्रम में उन्होंने ''हाई रिस्क प्रेग्नेंसी'' के प्रकरणों में हितग्राहियों का चिन्हांकित कर गर्भवती महिलाओं उनके स्वास्थ्य की पूर्व जानकारी देते हुए उनको संस्थागत प्रसव को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके और विकास कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, आंगनवाड़ी, आईएस, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जो फील्ड में लगातार अनुपस्थित पाये जा रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अपार आईडी अपडेट जारी रखें

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से अपार आईडी के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आधार अपडेट, जन्म तिथि और स्कूली दस्तावेजों में कमी पेशी को दूर करने की पहल जारी रखें और जल्द अपार आईडी के काम को पूरा करवाएं। साथ ही संपूर्णता अभियान के इंडिकेटर पर चर्चा कर संबंधित विभागों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने कहा। उन्होंने खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति विभाग से चावल गोदाम की व्यवस्थाओं, चावल उत्सव की तैयारियों और राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की जानकारी ली। इसके अलावा मत्स्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, राजस्व विभाग के योजनाओं की प्रगति के साथ नक्सल पुनर्वास नीति के तहत हितग्राहियों को दी जाने वाली सुविधाओं और योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के क्रम में अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा की।

## नियद नेल्लानार के 222 गांवों में विकास को रफ्तार

# बरसात से पहले निर्माण पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए

- जनगणना की व्यापक तैयारियां सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत चिन्हित 222 गांवों में विकास कार्यों की गति तेज की जाए और स्वीकृत निर्माण कार्यों को हर हाल में बरसात से पहले पूर्ण किया जाए।

बैठक में जनगणना कार्य के प्रथम चरण की व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारण, प्रशिक्षण और अन्य व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैंक खाता विहीन तेंदूपत्ता संग्राहकों के खाते अभियान के रूप में खोलने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही सभी अनुभागों से व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र के प्रकरण जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र बैठक आयोजित करने को कहा गया।

नियद नेल्लानार योजना के तहत संचालित सैचुरेशन शिविर सर्वे की समीक्षा करते हुए कावंड़गांव, पालनार, मुतवेंडी, बेलनार, कोण्डापल्ली और चिल्लामरका सहित अन्य आदर्श गांवों में अधोसंरचना निर्माण की गति बढ़ाने पर बल दिया गया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सुदूर क्षेत्रों में ट्रैक्टर के माध्यम से राशन पहुंचाने की व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ऐसे गांवों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि सभी अंदरुनी गांवों तक राशन की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों के आवश्यक दस्तावेजों का शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने तथा शासन की पुनर्वास नीति के तहत सभी प्रकार की सहायता एवं प्रोत्साहन राशि बैंक खाते के माध्यम से प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।



### बीजापुर एक्सप्रेस बस संचालन में लापरवाही पर सख्ती

जिला प्रशासन द्वारा संचालित बीजापुर एक्सप्रेस बसों के संचालन में लापरवाही बरतने वाले संचालकों को तत्काल हटाकर नए संचालक नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जल जीवन मिशन, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड ग्रामीणों को सरलतापूर्वक उपलब्ध कराने को कहा गया।

# शालेय शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छग शालेय शिक्षक संघ बीजापुर द्वारा नव पदस्थ संयुक्त संचालक एच आर सोम का संघ की परम्परा अनुसार संभागीय प्रवक्ता एवं जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया एवं छग शासन स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव, संचालक एवं संयुक्त संचालक बस्तर संभाग को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे मांग की गई है कि स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा जारी नया राजपत्र दिनाँक 13 फरवरी 2026 शिक्षक एल बी संवर्ग को अस्वीकार है क्योंकि इसमे शिक्षक एल बी संवर्ग की हितों को अनदेखा किया गया है। पिछले वर्षों से काऊंसलिंग के जरिये पदोन्नत शिक्षकों को पदस्थ किया जा रहा है। मांग की गई है कि बस्तर संभाग को अलग परिपेक्ष्य मे देखना उचित होगा। काऊंसलिंग मे नक्सली पीडित परिवार के सदस्यों को अनदेखा किया गया है जबकि पंचायत शिक्षक भर्ती के दौरान उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से ब्लाक मुख्यालय वा जिला मुख्यालय मे पदस्थ किया गया था। इसपर संयुक्त संचालक द्वारा नियमानुसार उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है प्रतिनिधि मडल मे संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य वसीम खान, विजय चापड़ी, टिलेश्वर संगम, संपूर्णानंद चौधरी, बलराम कुड़ीयम शामिल थे।

# जगरगुंडा में भी एजुकेशन सिटी अच्छी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2026-27 के राज्य बजट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बस्तर और दंतेवाड़ा अब पिछड़े क्षेत्र नहीं, बल्कि तेजी से उभरते हुए विकासशील क्षेत्र हैं। सरकार का यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, रोजगार और डिजिटल सुविधा के माध्यम से बस्तर के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास की दिशा में दंतेवाड़ा में पहले से स्थापित एजुकेशन मॉडल की सफलता को आगे बढ़ाते हुए अबूझमाड़ एवं जगरगुंडा में नई एजुकेशन सिटी की स्थापना हेतु 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पहल बस्तर के युवाओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थानीय स्तर पर ही बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगी।

यह कदम साबित करता है कि बस्तर अब शिक्षा का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होंगी और स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज अपने क्षेत्र में ही मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इंद्रावती नदी पर मटनार एवं देउरगांव में 2,024 करोड़ रुपये की लागत से बैराज एवं 68 किलोमीटर नहर निर्माण का प्रावधान किया गया है। इससे लगभग 32 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा मिलेगी और बस्तर की कृषि अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# विकास को नई दिशा देगा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने वर्ष 2026-27 के छत्तीसगढ़ बजट का स्वागत करते हुए कहा

- दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज शुरू करने का प्रावधान

कि यह बजट प्रदेश के समग्र विकास के साथ-साथ बस्तर और दंतेवाड़ा जिले के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में बस्तर अंचल के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज शुरू करने का प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। बस्तर में एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए राशि निर्धारित की गई है, जिससे आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधा अपने क्षेत्र में ही मिलेगी।



उन्होंने बताया कि इंद्रावती नदी पर बैराज निर्माण और नहर परियोजना से हजारों हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। दंतेवाड़ा और बस्तर क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और उन्नयन के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है, जिससे गांव-गांव तक बेहतर कनेक्टिविटी होगी। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश स्तर पर महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और निवेश को बढ़ावा देने के लिए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। महतारी वंदन योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं और गरीब वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। संतोष गुप्ता ने कहा कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत कदम है और इससे बस्तर तथा दंतेवाड़ा जिले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

# एकलव्य विद्यालय में हरित विद्यालय विषय पर हुआ एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावंगा गीदम में "हरित विद्यालय" विषय पर एक प्रेरणादायी एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉ प्रीतेश पांडेय वन परिक्षेत्र अधिकारी का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शिक्षकगण तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम के प्राचार्यगण गरिमामयी उपस्थिति के साथ सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें सतत विकास की दिशा में प्रेरित करना था। अतिथि वक्ता द्वारा हरित विद्यालय, जल संरक्षण, वन संरक्षण एवं कैरियर गाइडेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित एवं प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, वृक्षारोपण की आवश्यकता तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण हेतु प्रकृति संरक्षण से जुड़े करियर विकल्पों की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा समस्या-समाधान आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। अतिथि वक्ता ने सरल, व्यावहारिक एवं प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से सभी प्रश्नों का समाधान किया। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने वाला सिद्ध हुआ।

# अगले दो दशक में विकसित छग का रोडमैप है यह बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



युवा नेता आनंद झा ने बजट 2026 - 27 की सराहना करते हुए इसे भविष्योन्मुखी बताया। उन्होंने कहा कि यह विकसित छत्तीसगढ़ की ओर एक निर्णायक कदम है, जो राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। बस्तर- सरगुजा के लिए बस सेवा के लिए इस बजट में 10 करोड़ का प्रावधान किया गया। जिसमें बस्तर विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़, दो एजुकेशनल सिटी की स्थापना के लिए 100 करोड़,अबूझमाड़ और जगरगुंडा में शुरु होगी एजुकेशन सिटी। सरगुजा मैनपाट के विकास के लिए 5 करोड़, नोनी के 18 वर्ष पूरी होने पर 1.50 लाख देंगे। बस्तर और सरगुजा के मेडिकल कॉलेज के लिए 50 -50 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य आनंद झा ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किए गए 1 लाख 72 हजार करोड़ रु के राज्य बजट 2026 की मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने इस बजट को भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि यह केवल वित्तीय विवरण नहीं, बल्कि एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक कदम है।

# अंत्योदय से विकसित छत्तीसगढ़ की ओर मजबूत कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



तेजपाल शर्मा सह संयोजक सोशल मीडिया भाजपा छत्तीसगढ़ ने कहा कि बजट 2026-27 प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है। उन्होंने कहा कि 1,72,000 करोड़ रुपये का यह बजट "समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा देता है। बजट का मूल मंत्र संकल्प समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, आजीविका और नीति से परिणाम तक प्रदेश की प्रगति का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।कृषि एवं किसान कल्याण, स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, ऊर्जा और अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण, युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए विशेष योजनाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आर्थिक सहायता तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना सहित अनेक प्रावधान इस बजट को जनकल्याणकारी बनाते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नए अस्पतालों एवं डायलिसिस केंद्रों की स्थापना, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालयों एवं छात्रावासों के प्रावधान प्रदेश के भविष्य को सुदृढ़ करेंगे। जनजातीय क्षेत्रों, विशेषकर बस्तर एवं सरगुजा में अधोसंरचना, पर्यटन और शिक्षा के विस्तार हेतु विशेष प्रावधान सराहनीय हैं।

# बजट बस्तर के उत्थान का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बजट 2026–27 का भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने कहा यह बस्तर से सरगुजा तक विकास के संकल्प का बजट हैं जिसमें इस बजट में बस्तर के लिए विशेष प्रावधान किया है जो कि, यह बजट बस्तर में विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। पारख ने जानकारी देते हुए कहा कि बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 1725 करोड़, जल जीवन मिशन 3000 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 2000 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान 1500 करोड़, प्रधानमंत्री आवास शहरी 825 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा 820 करोड़, महिलाओं के नाम पर संपत्ति क्रय में पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट, छत्तीसगढ़ युवा दर्शन हेतु 5 करोड़, मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन हेतु 100 करोड़, प्रतियोगी परीक्षा के लिए 33 करोड़, कृषक उन्नति योजना हेतु 10,000 करोड़, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना हेतु 600 करोड़, लोकनिर्माण विभाग में 9,450 करोड़, मुख्यमंत्री आदर्श शहर योजना समृद्धि योजना 200 करोड़, महतारी वंदन योजना 8200 करोड़, मुख्यमंत्री खाद्यान्य योजना 6500 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 4000 करोड़, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में 1500 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान हेतु 1500 करोड़, विकसित भारत जी राम जी योजना के लिए 4000 करोड़ के प्रावधान सहित छत्तीसगढ़ राज्य के सभी वर्गों व क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, युवा, महिला, वरिष्ठ नागरिक और उद्यमियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, बुनियादी ढांचा, स्टार्टअप, डिजिटल इंडिया और हरित ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर समावेशी और ऐतिहासिक विकास का संदेश दिया गया है।

# बाबू सेमरा के विभूति पटनायक बने स्वच्छता के साथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम बाबू सेमरा के 59 वर्षीय विभूति पटनायक की कहानी इसी बदलाव की सशक्त मिसाल है। विभूति पटनायक का जीवन लंबे समय तक कठिनाइयों से घिरा रहा। परिवार में केवल दो सदस्य, सीमित आय और जिम्मेदारियों का बोझकृइन सबके बीच वे पहले लेबर मिस्त्री का कार्य करते थे। गांव में नियमित काम न मिलने के कारण उन्हें रोजगार की तलाश में बेंगलुरु जाना पड़ा। वहां एक पाउडर प्लांट के कार्यालय में काम मिला, जिससे पारिवारिक स्थिति में कुछ सुधार जरूर हुआ, परंतु दूसरे राज्य में रहकर काम करना आसान नहीं था। बार-बार बीमारी, इलाज और दवाइयों में खर्च होती कमाई, तथा परिवार से दूरीकृये सब चुनौतियां धीरे-धीरे भारी पड़ने लगीं।

इसी दौरान गांव में हुई एक सामान्य-सी बातचीत ने उनके जीवन की दिशा बदल दी।

नई उम्मीद के साथ विभूति पटनायक ने अपनी साइकिल को ही रोजगार का साधन बना लिया। वे आसपास के गांवों, ढाबों और होटलों से फेंकी हुई प्लास्टिक बोतलें, कांच, कागज और गत्ता एकत्र कर साइकिल के माध्यम से एमआरएफ प्लांट तक पहुंचाने लगे। धीरे-धीरे यह प्रयास उनकी नियमित आय का स्त्रोत बन गया। आज वे प्रतिदिन 500 से 600 रुपये तक अर्जित कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपने गांव में ही सम्मानजनक रोजगार मिल गया है। अब उन्हें दूसरे राज्य में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वेंकट बने कुम्हारपारा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष



जगदलपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मलकीत सिंह गैदू की ओर से एम. वेंकट राव को शहर के कुम्हारपारा मंडल अध्यक्ष बनाए गए। उनकी नियुक्ति से समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

### कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया



जगदलपुर। केंद्र सरकार की नीतियों सहित अन्य मामलों को लेकर युवक कांग्रेस ने सुकमा के भाजपा कार्यालय का मंगलवार को घेराव किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने मंगलवार को दोपहर में सर्किट हाउस में अन्य पिछड़ा वर्ग के विभिन्न समाज प्रमुखों से भेंटकर उनकी मांग एवं समस्याएं सुनी और आवश्यक पहल करने आश्वस्त किया। इस दौरान आयोग के सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, शैलेन्द्री परगनिहा एवं कृष्ण कुमार गुप्ता तथा आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### मीटर लगाने का झांसा देकर 1.56 लाख की ठगी

रायपुर। मुजगहन थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मीटर लगाने के नाम पर 1.56 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। माना बस्ती भटगांव निवासी रोशन देव रात्रे ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

# पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए करें समन्वित प्रयास : विश्वकर्मा

## छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों के शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए समन्वित पहल किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का वास्तविक लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचे, इसके लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, श्रम, महिला एवं बाल विकास विभागों की सेवाओं की उपलब्धता पर फोकस करें। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम तथा आर्थिक उन्नयन हेतु स्वरोजगार और कौशल विकास से जोड़ने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने रोजगार एवं कौशल विकास की दिशा में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, उद्योग विभागों को सकारात्मक प्रयास किए जाने कहा। साथ ही धरातल पर प्रदर्शित उत्कृष्ट कार्य के बारे में अन्य लोगों को अवगत करवाकर उन्हें भी प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान आयोग के सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, शैलेन्द्री परगनिहा एवं कृष्ण कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, डीएफओ उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष विश्वकर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछड़े वर्ग के हित में संचालित योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए और पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जमीनी स्तर पर समस्याओं की पहचान कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

### योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

बैठक में कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि शासन की मंशानुसार और पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के निर्देशों के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने सहित समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को लाभान्वित किए जाने सार्थक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में अद्यतन प्रगति लाने के साथ ही धरातल पर कार्यों एवं सेवाओं को परिणामोन्मुखी बनाने आश्वस्त किया। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

## वाटिका की विकास यात्रा गार्बेज से गौरव तक के सफर की एक अनुपम मिसाल बनी

# डंपिंग ग्राउण्ड से पर्यटन व स्वरोजगार का केंद्र बनी जनजातीय गौरव वाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कुम्हड़ाकोट में प्रकृति और संस्कृति का भव्य संगम
- बस्तर की जनजातीय विरासत को समर्पित

शहर के कुम्हड़ाकोट क्षेत्र में स्थित जनजातीय गौरव वाटिका की विकास यात्रा गार्बेज से गौरव तक के सफर की एक अनुपम मिसाल बन गई है। कभी यह स्थान आरक्षित वनखण्ड कक्ष क्रमांक 1021 का वह हिस्सा था जो उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे अतिक्रमण और गंदगी की चपेट में आकर एक डम्पिंग ग्राउण्ड में तब्दील होता जा रहा था। इस शून्य हो चुकी वन भूमि का कायाकल्प करने के लिए बस्तर वनमण्डल ने समाज के हर वर्ग और विशेषकर नारी शक्ति को साथ लेकर इसके पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया। आज वर्षों से जमा कचरे को साफ कर इस क्षेत्र को सुरक्षा दीवार से सुरक्षित कर दिया गया है, जहां 1700 मीटर लंबे नेचर ट्रेल और सुंदर तालाब के निर्माण ने इस बंजर भूमि में नई जान फूंक दी है। वाटिका के बीचों-बीच निर्मित तालाब और आईलैण्ड पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र हैं, जहां लोग सुकून के पल बिता सकते हैं। आगंतुकों के स्वास्थ्य और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए यहां योग चबूतरा, योग शेड और ओपन जिम ट्रेल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बैठने और विश्राम करने के लिए यहां 5 भव्य पैगोड़ा और आकर्षक ब्रिज का निर्माण किया गया है। वनस्पति विविधता की बात करें तो यहां औषधीय पौधों, फलदार वृक्षों, फूलों की क्यारियों और बाँस की विभिन्न प्रजातियों का रोपण किया गया है, जो पूरे क्षेत्र को सुगंधित और हरा-भरा बनाए रखते हैं। भव्य पार्किंग, प्रसाधन और ओपन जिम जैसी सुविधाओं से लैस यह वाटिका बस्तर की समृद्ध जनजातीय विरासत और प्रकृति के प्रति उनके सम्मान का प्रतीक बनकर उभरी है।




### शहरवासियों को मिला ठिकाना

डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि कभी कचरे की बदबू हवा में घुली रहती थी, वहां अब औषधीय, फलदार और फूलदार पौधों की क्यारियां महक रही हैं, जो शहर के लिए फेफड़े की तरह काम कर रही हैं। वर्तमान में वाटिका का समस्त प्रबंधन और देख-रेख 20 महिलाओं के समूह द्वारा किया जा रहा है, जिससे न केवल उन्हें आत्मनिर्भरता मिली है बल्कि उनके परिवारों के लिए नियमित आय का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। स्थल के प्रारंभ से अब तक दस हजार से अधिक लोगों वाटिका का भ्रमण किया है, महिला समूह ने लगभग दो लाख की आमदनी अर्जित की है। पर्यटक यहां जंगल केंटिन में स्थानीय व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। आर्थिक रूप से भी यह परियोजना अत्यंत सफल सिद्ध हो रही है। शहरवासियों के लिए यह स्थान अब सुबह योग चबूतरे पर अभ्यास करने और शाम को पैगोड़ा में विश्राम करने के लिए एक भव्य और अनमोल ठिकाना बन गया है।

### इको-फ्रेंडली और प्लास्टिक फ्री जोन

खान-पान के शौकीनों के लिए यहां जंगल कैन्टीन संचालित है, जहां महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा पारंपरिक और स्थानीय व्यंजन परोसे जाते हैं। इसके अलावा, पूरी वाटिका को इको-फ्रेंडली और प्लास्टिक फ्री जोन के रूप में विकसित किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक बड़ी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रवेश द्वार पर पर्यटकों की सुविधा के लिए भव्य पार्किंग और प्रसाधन की भी सुचारू व्यवस्था की गई है।

# खदानों के सर्वेक्षण के नाम पर ग्रामीणों को प्रताड़ित करना बंद हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- भाकपा ने 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बस्तर जिला परिषद के सचिव रामूराम मौर्य ने मंगलवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को मनरेगा कानून बहाल कर बस्तर जिले के स्थानीय समस्याओं के निराकरण के 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया है। सचिव ने बताया कि मनरेगा कानून को तत्काल पुर्नस्थापित कर बजट में पर्याप्त वृद्धि कर 200 दिन का रोजगार गारंटी प्रदान किया जाए। बीजापुर जिले कुचनुर की कोरंडम खदान को प्रदाय पर्यावरण अनुमति देकर लीज पर देने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। किसी भी योजना के नाम वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाई जाए तथा ग्रामसभा की सहमति अनिवार्य की जाए। खनिज खदानों के सर्वेक्षण के नाम पर ग्रामीणों को प्रताड़ित किया जाना बंद किया जाए। स्टील प्लांट क्षेत्र में सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, आईटीआई, आवासीय एजुकेशन हब खोला जाए एवं शेष भू-प्रभावितों को नौकरी दिया जाए। रायकोट रेलवे स्टेशन के समीप स्थापित स्पंज आयरन कारखाना के चिमनियों से निकलने वाले डस्ट एवं धुंआ से आसपास के खेत एवं गलियों में डस्ट जमा हो गया है, जिससे कृषि भूमि को नुकसान हो रहा है और लोगों को श्वांस की गंभीर बिमारियां हो रही है। इसलिए कारखाना को हटाया जा कर अन्यत्र स्थान में लगाया जाए।

# संकल्प थीम वाला बजट बस्तर के समग्र विकास का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह बजट केवल आय–व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की उन्नति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का सशक्त संकल्प-पत्र है। बस्तर के युवाओं, किसानों, आदिवासी समाज और दूरस्थ अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने की स्पष्ट सोच इस बजट में दिखाई देती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, डिजिटल कनेक्टिविटी, खेल, पर्यटन और आजीविका-हर क्षेत्र में संतुलित निवेश से बस्तर के विकास को नई दिशा मिलेगी।

खेल एवं युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत बस्तर ओलंपिक के लिए 5 करोड़ का प्रावधान युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक होगा।वहीं अबूझमाड़ एवं जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी हेतु 100 करोड़ का निवेश बस्तर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मजबूत आधार का निर्माण करेगा।

बस्तरनेट परियोजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान दूरस्थ गांवों तक विश्वसनीय इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराएगा।साथ ही मुख्यमंत्री बस सेवा योजना 10 करोड़ से बस्तर अंचल में आवागमन सुगम होगा और आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। होम-स्टे नीति के लिए 10 करोड़ का प्रावधान बस्तर, सरगुजा क्षेत्र में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। एग्रो एवं फॉरेस्ट प्रोसेसिंग निवेश अनुदान 100 करोड़ तथा बकरी, सूकर एवं मधुमक्खी पालन 15 करोड़ जैसे प्रावधान ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में आत्मनिर्भर आजीविका को सुदृढ़ करेंगे।

स्वास्थ्य क्षेत्र में दंतेवाड़ा सहित मेडिकल कॉलेज के लिए 50 करोड़ तथा जगदलपुर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से बस्तरवासियों को उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों की प्रमुख सड़कों एवं पुलों के लिए किए गए प्रावधानों से आवागमन, व्यापार और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी तथा विकास की रफ्तार तेज होगी।

इंद्रावती नदी पर मातनार एवं देउरगांव बैराज व 68 किमी नहर 2,024 करोड़,महादेवघाट बैराज 100 करोड़ औरमद्देमारका डायवर्जन योजना 110 करोड़ जैसी योजनाएं बस्तर की कृषि को स्थायी और समृद्ध बनाएंगी।

बस्तर विकास प्राधिकरण हेतु 75 करोड़ का प्रावधान क्षेत्रीय योजनाओं के प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा।

# संकल्प से सिद्धि को समर्पित बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और राज्य को समृद्ध बनाने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास, अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता तथा राज्य को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने पर केंद्रित है। बजट राज्य की नीति को प्रदर्शन में, निवेश को परिणामों में और आकांक्षाओं को प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्धियों में बदलने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' को पूरा करने और छत्तीसगढ़ को 2047 तक 'विकसित राज्य' बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। बजट को 'ज्ञान' और 'गति का संगम' और 'विकसित छत्तीसगढ़' का आधारस्तम्भ बताते हुए कहा कि बजट में कृषक उन्नति



योजना और सिंचाई परियोजनाओं के लिए किया गया प्रावधान यह सिद्ध करता है कि हमारी सरकार किसानों की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है। बिना किसी नए कर के राजस्व बढ़ाना और किसानों को समय पर इनपुट सब्सिडी देना प्रशंसनीय है। बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन पर जोर दिया गया है। 'अटल निर्माण वर्ष' के तहत बुनियादी ढांचे में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। 'महतारी वंदन योजना' के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ महिलाओं के स्वरोजगार और लखपति दीदी योजना को नई गति देना महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बजट में सड़क, बिजली और ग्रामीण विकास (गति) के लिए आवंटित भारी भरकम राशि से राज्य के सुदूर वनांचलों तक विकास की किरण पहुँचेगी। श्री देव ने विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए किए गए विशेष प्रावधानों हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह हर छत्तीसगढ़िया के स्वाभिमान और समृद्धि का रोडमैप है। यह अंत्योदय के संकल्प को चरितार्थ करता है।

# 125 करोड़ से सड़क एवं पर्यटन को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने बजट को सर्वस्पर्शी सर्व समावेशी बताते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी को धन्यवाद दिया है। जिसमें किसान महिला युवा ग़रीबों के लिए योजनाएं हैं बस्तर के परिपेक्ष्य मे 2024 करोड़ की इंद्रावती बेराज जैसे महत्वकांक्षी प्रावधान किया गया है। 125 करोड़ के सडक एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चित्रकूट घुडमारास एवं होम स्टे होटलों के लिए विशेष प्रावधान बजट में किया गया हैं। साथ ही कौशल विकास शिक्षा चिकित्सा क्षेत्र में बस्तर को प्रमुखता से स्थान दिया हैं बस्तर के बेरोज़गारों एवं स्थानीय युवाओं के विकास के भी प्रावधान किया गया है। एयरपोर्ट का विस्तार एवं जगदलपुर रायपुर एयर कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त किया गया। साथ ही अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। एयर कनेक्टिविटी रेल कनेक्टिविटी रोड कनेक्टिविटी हेतु प्रावधान है।

### बस्तर की लाइफ लाइन से लेकर पर्यटन तक विकास की नई इबारत



जगदलपुर। व्यवसायी अनिल लुंकड़ ने इस वित्तीय योजना का पुरजोर स्वागत करते हुए इसे बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उनके अनुसार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना को मजबूत करेंगे, वहीं पर्यटन और होम स्टे को बढ़ावा देने की नीति स्थानीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करेगी। यह निवेश न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करेगा।




# 100 करोड़ की स्वीकृति शहर के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महापौर संजय पांडेय ने बजट को बस्तर एवं जगदलपुर के विकास के लिए दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने विशेष रूप से महादेव बैराज के निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति को शहर के लिए एक मील का पत्थर करार दिया। महापौर ने कहा कि वर्षों से जगदलपुर को पेयजल संकट की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती थी, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। महादेव बैराज के निर्माण से न केवल वर्तमान जल संकट का स्थायी समाधान होगा, बल्कि आने वाले कई दशकों तक शहर में पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। बढ़ती आबादी और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि जगदलपुर के सुरक्षित और सुनियोजित भविष्य की आधारशिला है। इससे नगर निगम की जल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी, नई कॉलोनियों एवं वार्डों तक सुचारु जल वितरण संभव होगा तथा नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा। महापौर ने बजट में बस्तर संभाग के लिए किए गए अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों का भी स्वागत किया। बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स के लिए भवन निर्माण से स्थानीय व्यापारिक समुदाय को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे व्यापार, निवेश एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध होगा। उद्योग एवं व्यापार के नए अवसर विकसित होंगे। बस्तर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में यह निर्णय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डेरी समग्र विकास योजना में जगदलपुर को शामिल किया जाना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। इससे दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों एवं ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी तथा स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह योजना आत्मनिर्भर बस्तर के निर्माण में सहायक बनेगी।

